B - Sr.No. 2

# Indian-Non Judicial Stamp
## Haryana Government

Date : 12/04/2017

Certificate No. FAL2017D55

GRN No. 26389754

Stamp Duty Paid : ₹ 100

Penalty : ₹ 0

(Rs. Zero Only)

### Seller / First Party Detail

Name: Veena Rani

H.No/Floor : Xxx Sector/Ward : Xxx LandMark : Dangra road

City/Village : Tohana District : Fatehabad State : Haryana

Phone: 9812490069

### Buyer / Second Party Detail

Name : Baldeveducational And Welfaretrust

H.No/Floor : Xxx Sector/Ward : Xxx LandMark : Tohana

City/Village: Tohana District : Fatehabad State : Haryana

Phone : 9812490069

Purpose : Stamp Paper For Registration of Trust Deed

NOTARY Mange Ram Gill TOHANA Regd. No. GOVT. OF INDIA

The authenticity of this document can be verified by scanning this QrCode Through smart phone or on the website https://egrashry.nic.in

99
17-4-2017

ट्रस्ट नामा

ई-स्टाम्प शुल्क राशि 100/-रूपये
जो दिनांक 12-04-2017 को ऑन लाईन जमा करवा
दी है, जिसका सर्टिफिकेट नम्बर **FAL2017D55**
& **GRN No. 26389754** जो मूल रूप में सलंग्न है।

मैं, ऊषा रानी पत्नी रमेश शर्मा निवासी हिसार तहसील हिसार जिला हिसार (हरियाणा) की हूं। स्वस्थचित व सावधान होकर लिख देती हूं कि मैंने पीड़ित, असहाय, पिछड़े वर्ग व समाज की सेवा एवं सहायता हेतु एवं

जारी.............

Usha Sharma

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

प्रलेख नः 99 दिनाँक 17/04/2017

**डीड सबंधी विवरण**

डीड का नाम TRUST

तहसील/सब-तहसील टोहाना

गांव/शहर टोहाना

**धन सबंधी विवरण**

स्टाम्प डयूटी की राशि 100.00 रुपये

रजिस्ट्रेशन फीस की राशि 100.00 रुपये

पेस्टिंग शुल्क 3.00 रुपये

Drafted By: चिमन लाल वकील

Service Charge: 200.00 रुपये

यह प्रलेख आज दिनाँक 17/04/2017 दिन सोमवार समय 1:18:00PM बजे श्री/श्रीमती/कुमारी बलदेव एजूकेशन बज. उषा रानी पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री/श्रीमती/कुमारी निवासी टोहाना द्वारा पंजीकरण हेतु प्रस्तुत किया गया।

Usha Sharma
हस्ताक्षर प्रस्तुतकर्ता

उप/सयुँक्त पंजीयन अधिकारी
टोहाना

श्री बलदेव एजूकेशन बज. उषा रानी

उपरोक्त न्यासकर्ता व श्री/श्रीमती/कुमारी बलदेव एजूकेशन बज. वीना रानी न्यासी हाजिर है। प्रस्तुत प्रलेख के तथ्यो को दोनों पक्षो ने सुनकर तथा समझकर स्वीकार किया। दोनो पक्षो की पहचान श्री/श्रीमती/कुमारी कन्हैया लाल वकील पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री निवासी टोहाना व श्री/श्रीमती/कुमारी बलदेव कुमार पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री/श्रीमती/कुमारी परमानन्द निवासी टोहाना ने की। साक्षी नः 1 को हम नम्बरदार/अधिवक्ता के रूप मे जानते है तथा वह साक्षी नः 2 की पहचान करता है।

दिनाँक 17/04/2017

उप/सयुँक्त पंजीयन अधिकारी
टोहाना

यह प्रमाणित किया जाता है कि पंजीकृत वसीका की स्कैन प्रति jamabandi.nic.in पर डाल दी गई है।

उप / सयुँक्त पंजीयन अधिकारी
टोहाना



Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

47



मानवजाति के धार्मिक, नैतिक, सामाजिक, शैक्षिणक व अध्यात्मिक उत्थान हेतू एक ट्रस्ट बना रही हूं जिसका नाम Baldev Educational and Welfare Trust Tohana है। यह ट्रस्ट धार्मिक, नैतिक, समाजिक, शैक्षिणक व अध्यात्मिक उत्थान के लिए कार्य करेगा। मैंने उक्त ट्रस्ट के सम्बन्ध में कोई लिखित विलेख निष्पादित करके पंजीकृत नहीं करवाया, जिस कारण उक्त ट्रस्ट का कार्य सुचारू रूप से करने में कोई परेशानी होती है तथा भविष्य उक्त ट्रस्ट व इसकी सम्पति के सम्बन्ध में विवाद उत्पन्न हो सकता है। इसलिए उक्त भविष्य में उक्त धमार्थ ट्रस्ट व इसकी सम्पति के सम्बन्ध में कोई किसी तरह का विवाद उत्पन्न हो तथा उक्त न्यास का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे, इसलिए वह न्यास पत्र निष्पादित करके पंजीकृत करा रही हूँ।

यह कि अब मैं अपनी स्वस्थ इन्द्रियों, स्थिर बुद्धि, चित की अवस्था में बिना किसी के दबाव व आग्रह के अपनी प्रसन्नता से 5100/- द्वारा धर्मार्थ ट्रस्ट की स्थापना करती हूं।

ट्रस्ट का नाम

यह कि उक्त ट्रस्ट को Baldev Educational and Welfare Trust के नाम से सम्बोधित किया जाएगा। इस ट्रस्ट का नाम आम सहमति से बदला जा सकता है।

मुख्य कार्यालय

यह कि ट्रस्ट का मुख्य कार्यालय हिसार रोड़ टोहाना तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद में होगा। यह पता सदस्यों की आम सहमति से स्थानान्तरित भी हो सकेगा।

कार्यक्षेत्र

यह कि ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र समस्त हरियाणा राज्य में होगा व सदस्यों की आम सहमति से आवश्यकतानुसार इस न्यास का कार्य क्षेत्र बढ़ाया भी जा सकता है।

ट्रस्ट की सम्पति

यह कि मेरे द्वारा दी गई उक्त राशि मु0 5100/-रूपये का ट्रस्ट पूर्ण रूपेण स्वामी होगा तथा इसके अतिरिक्त चल -अचल सम्पति नकद रूपया, सोना, चांदी, आभूषण, भूमि, भवन इत्यादि जो भी ट्रस्ट को किसी व्यक्ति, संस्था ट्रस्टी और सरकार द्वारा प्राप्त होगा अथवा ट्रस्ट की आय से खरीदा जाएगा वह सब चल-अचल सम्पति ट्रस्ट की होगी।

जारी.............

Usha Sharma

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

NOTARY Mange Ram Gill TOHANA Regd. No. 11324 GOVT. OF INDIA

ट्रस्ट के उद्देश्य

1. यह कि औषद्यालय, धर्मशाला, मन्दिर, प्याऊ, विद्यालय, महाविद्यालय या तकनीकी संस्थान, मन्दिर, सत्संग भवन, पुस्तकालय, पार्क आदि की स्थापना करना, उनकी व्यवस्था करना।
2. जरूरतमन्द, वृद्धो, महिलाओं एवं बालकों के कल्याण हेतू कार्य करना, उन्हें आत्म निर्भर बनाने में सहयोग करना, उनके लिए आश्रम, रैन बसेरा, शिक्षा संस्थान का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव करना।
3. गाय एंव अन्य पशुओं के कल्याण हेतू कार्य करना। हस्पताल आदि खोलना, उनकी व्यवस्था व संचालन करना।
4. महिलाओं एवं कन्याओं के लिए सिलाई, कढ़ाई, रंगाई आदि के लिए स्कूल खोलना तथा उनका संचालन करना।
5. समाज के लिए सभी सरकारी राज्य एवं केन्द्रीय/गैर सरकारी संस्थाओं से सभी प्रकार की सहायता व सुविधाएं जैसे दान, अनुदान, लोन इत्यादि जो भी एक समुदाय को मिलता है, प्राप्त करना।
6. दैविक आपत्ति या आकस्मिक दुर्घटना से पीड़ित मानव समाज की सहायता करना।
7. निर्धन, असहाय, वृद्ध, अनाथ, विधवा, अपंग तथा रोग से पीड़ितों की हर प्रकार से सहायता करना।
8. मानव समाज में फैली हर प्रकार की कुरीतियों को दूर करने के उपाय करना।
9. धार्मिक साहित्य तथा पत्र -पत्रिकाओं का प्रकाशन करना।
10. इस ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य आधुनिक शिक्षा का प्रचार करने के लिए शैक्षणित संस्थाएं स्थापित करना तथा संचालन करना। स्कूल, तकनीकी एवं व्यावसायिक कोर्सो एवं प्रशिक्षण हेतू आई0 टी0 आई0 स्थापित करना। पोलटैक्नीक, इन्जीनियरिंग, मैडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज इत्यादि खोलना। बी0एड0, जे0बी0टी0 और डी0एड0 कॉलेज इत्यादि खोलना। ग्राणीण व शहर के लिए स्वरोजगार चलाने हेतू निम्नलिखित व्यवसायिक कोर्सों का प्रशिक्षण देना जैसे वैल्डर, इलैक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, ऑटोमोबाईल टैक्नोलोजी, फीटर, रेडियो एण्ड रैफ्रिजरेटर, हैल्थ वर्कर, ड्राफ्टसमैन, आशुलिपि एवं कम्प्युटर, कटिंग, टैलरिंग, ड्रैस मैकिंग एवं ब्यूटीशियन आदि अनेक कोर्सो का प्रशिक्षण देना।
11. साधु सन्तों के प्रवचनों का आयोजन करना। साधु समाज व रोग पीडित लोगों के लिए भोजन आदि का प्रबन्ध करना।

Usha Sharma

जारी............

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

NOTARY GOVT. OF INDIA Mange Ram Gill TOHANA Regd. No. 11324

12. पर्यावरण की रक्षा हेतू उपाय करना, वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाना तथा पर्यावरण के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी देना।

13. ट्रस्ट के लिए धन इक्टठा करना व ट्रस्ट के उददे्श्यों की पूर्ति हेतू राज्य /केन्द्र सरकार /वितिय संस्थाएं, राष्ट्रीयकृत बैंक व आम जनता से दान, अनुदान व ऋण आदि प्राप्त करना।

14. यह कि उक्त ट्रस्ट पूर्ण रूप से गैर राजनैतिक संस्था / ट्रस्ट होगा तथा हर प्रकार की राजनैतिक से मुक्त होकर समाज /मानव व देश सेवा करेगा।

15. उपरोक्त सभी प्रावधानों का लाभ कोई भी व्यक्ति बिना किसी जाति -पाती, धर्म, भेदभाव से उठा सकेगा।

बोर्ड आफ ट्रस्टीज

1. ट्रस्ट का एक बोर्ड आफ ट्रस्टीज होगा, जिसमें ट्रस्ट के वर्तमान ट्रस्टी एवं भविष्य में होने वाले ट्रस्टी शामिल होंगें।

पदाधिकारी

यह कि इस ट्रस्ट के निम्नलिखित ट्रस्टी पदाधिकारी होंगें।

| | |
|---|---|
| 1. उषा रानी पत्नी रमेश शर्मा निवासी हिसार | सरंक्षक |
| 2. वीना रानी पत्नी बलदेव कुमार निवासी टोहाना | प्रधान |
| 3. मधु शर्मा पत्नी राजीव शर्मा निवासी टोहाना | सचिव |
| 4. दीपिका रानी पत्नी कन्हैया लाल निवासी टोहाना | कोषाध्यक्ष |

सभी पदाधिकारियों व सरंक्षक का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा और पांच वर्ष के पश्चात चुनाव द्वारा नए पदाधिरियों की नियुक्ति की जाएगी तथा ट्रस्टीगण अपने में से ही सर्वसम्मति द्वारा उनका चुनाव करेंगें। यदि पदाधिकारियों में से किसी कारणवंश स्थान रिक्त हो जाएगा तो शेष ट्रस्टीगण, जिनमें से पदाधिकारी शामिल होंगें को अधिकार होगा कि किसी को भी शेष काल के रिक्त हुए स्थान पर सर्वसम्मति से चुन लें।

जारी.............

Usha Sharma

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

ट्रस्टीगण की योग्यता व संख्या

कोई भी व्यक्ति जो निर्दिष्ट उददेश्यों की पूर्ति में सहायक हो, भारत का नागरिक हो ट्रस्टी बनने के लिए आवेदन दे सकेगा और ट्रस्टीगण उसे सर्वसम्मति द्वारा ट्रस्टी नियुक्त करने के अधिकारी होंगें, परन्तु ट्रस्टी की संख्या से अधिक नहीं होगी परन्तु आवश्यकता अनुसार सर्वसम्मति द्वारा ट्रस्टीगणों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

ट्रस्टीगण के अधिकारी एवं कर्तव्य

1. पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव करवाना।
2. वर्ष भर का आय व्यय का ब्यौरा लेना व पारित करना।
3. भविष्य के लिए कार्यक्रम निश्चित करना।
4. हिसाब -किताब की जांच के लिए ऑडिटर नियुक्त करना।
5. यदि ट्रस्टी किसी सदस्य को ट्रस्ट के कार्य के योग्य नहीं समझे तो उसे सर्वसम्मति से निष्कासित कर सकेंगें।
6. वार्षिक कार्यक्रम के बारे में सचिव की रिपोर्ट लेना।
7. ट्रस्टी बनने की योग्यता रखने वाले व्यक्ति को आवेदन पत्र देने पर सर्वसम्मति द्वारा ट्रस्टी नियुक्त करना।
8. ट्रस्ट के लिए सर्वसम्मति द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति करना उनके वेतन का निर्धारण करना, उनकी सर्विस के बारे में नियम बनाना, उसमें संशोधन करना, निलम्बित करना तथा उन्हें हटाना।
9. ट्रस्टी को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियम तथा उपनियम बनाना।
10. ट्रस्ट की धन राशि व आय को ट्रस्ट के उददेश्यों की पूर्ति के व्यय करना। आयकर विभाग के मौजूदा कानून व भविष्य में जो कानून लागू होंगें उनका पालन किया जायेगा।
11. ट्रस्ट की चल -अचल सम्पति का प्रबन्ध करना, उसकी देखभाल करना, उसकी सुरक्षा स्थायित्व, वृद्धि हेतू सभी कार्य व उपाय करना।

जारी.............

Usha Sharma

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

12. ट्रस्ट की सम्पति बारे कोई झगड़ा निपटाना, हिसाब -किताब करना, कर्जा देना, समझौता करना, मुकदमा करना, फैसला आदि करना, उसको मंजूर करना या उसको छोड़ना या उसके बारे में किसी को अधिकार देना।

13. ट्रस्ट की सम्पति की मुरम्मत करना, नवनिर्माण करवाना।

14. टैक्सों की अदायगी करना।

15. ट्रस्ट द्वारा किसी संस्था का नाम निश्चित करना या बदलना, किसी भी ट्रस्टी को ट्रस्ट की अचल सम्पति को किसी प्रकार से स्थानान्तरित करने, विक्रय, रहन, दान इत्यादि करने का अधिकार नहीं होगा परन्तु यदि ट्रस्टीगण ट्रस्ट के हित के लिए ट्रस्ट की चल -अचल सम्पति को अन्तरित करना चाहेंगें जो विशेष बैठक के अन्दर उपस्थित सभी ट्रस्टीगणों को सर्वसम्मति द्वारा प्रस्ताव पारित करके ट्रस्ट की चल -अचल सम्पति का विक्रय, रहन, दान इत्यादि द्वारा स्थान्तरित कर सकेंगें परन्तु ऐसा करने से जो धन /रूपया प्राप्त होगा, वह ट्रस्ट के उददे्श्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। ट्रस्ट के लिए बैंक इत्यादि से कर्ज लिया जा सकता है और उस सूरत में ट्रस्ट की जायदाद को रहन भी किया जा सकता है।

16. ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति व सुचारू रूप से चलाने के लिए अन्य कार्य करना

17. यह कि सभी ट्रस्टीगण व पदाधिकारी निशुल्क कार्य करेंगें।

वार्षिक अधिवेशन व साधारण अधिवेशन

वार्षिक अधिवेशन वर्ष में एक बार होगा। इसकी सूचना ट्रस्टीगण को सात दिन पहले देनी होगी। इस अधिवेशन में वर्ष का कार्य विवरण एवं आय व्यय का पूरा ब्यौरा दिया जाएगा और स्वीकृत किया जाएगा। अन्य कार्य प्रधान की आज्ञा से होंगें बैठक का कोरम कुल सदस्यो की संख्या का दो तिहाई होगा।

पदाधिकारी एवं ट्रस्टीगण का स्थान निम्नलिखित परिस्थितियों में रिक्त माना जाएगा

1. स्वर्गवास हो जाने पर मृत्यु की तिथि से ।
2. त्यागपत्र देने पर, त्यागपत्र के स्वीकार होने की तिथि से।
3. पागल होने की स्थिति में।
4. किसी न्यायालय द्वारा दिवालिया करार दिए जाने पर न्यायालय के फैसले की तिथि से।

जारी.............

Usha Sharma

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

5. सर्वसम्मति द्वारा ट्रस्टीगण द्वारा निष्कासित किए जाने पर निष्कासन की तिथि से।

6. असमाजिक कृत्यों में लिप्त पाए जाने पर।

NOTARY Mange Ram Gill TOHANA Regd. No. 11304 GOVT. OF INDIA

ट्रस्टीज के अधिकार व कर्तव्य

संरक्षक

1. सभी पदाधिकारियों के कार्यों में समन्वय करना।
2. ट्रस्ट के खाते देखना तथा धन इक्टठा करना।

प्रधान

1. ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करना तथा सुचारू रूप से चलाना।
2. सभी पदाधिकारियों के कार्यों में समन्वय करना।
3. ट्रस्ट द्वारा किये गए कार्यों पर नियन्त्रण रखना, उनका निरीक्षण करना और ट्रस्टीगण को समय -समय पर आवश्यक रिपोर्ट देना।
4. ट्रस्ट के खाते देखना तथा धन इक्टठा करना।
5. सभी बिलों पर हस्ताक्षर करना तथा उन्हें पास करना।
6. आवश्कता पड़ने पर ट्रस्ट कार्यों पर खर्च करने का अधिकार होगा तथा जिसे बाद में कार्यकारणी की मिटिंग में पेश करना।

उप-प्रधान

1. प्रधान की अनुपस्थिति में उपप्रधान को वह सभी अधिकार प्राप्त होंगें जो प्रधान को प्राप्त हैं।

महासचिव

1. ट्रस्ट के समन्वय में पत्राचार करना।
2. ट्रस्ट के कार्यों के सभी प्रबन्ध करना और उनकी देखभाल करना।
3. प्रधान की आज्ञा अनुसार बैठक बुलाकर एजेन्डा जारी करना, सभी कागजात को संभाल कर रखना और उनकी पड़ताल करना।
4. बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज द्वारा पास प्रस्तावों को कार्यन्वित करना।
5. वार्षिक बजट तैयार करवा कर पेश करना।

जारी............

Usha Sharma

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

6. ट्रस्ट के लिए धन इक्टठा करना।
7. प्रधान की सहायता से उपसमितियों का गठन करना।
8. ट्रस्ट से सम्बन्धित सभी प्रकार की आय को संग्रहित करना, उसकी रसीद देना, संग्रहिक धन को कोषाध्यक्ष के पास भेजना एवं बैंक में जमा करवाना।
9. ट्रस्ट के हर प्रकार के रिकार्ड को सुरक्षित रखना तथा ट्रस्ट की कार्यवाही को वैधानिक रूप से चलाना।
10. आगामी वर्ष के लिए प्रधान से परामर्श कर सभी कार्यक्रम बनाना, अनुमाणित बजट तैयार करना, मिटिंग में पेश करना आदि।

नोटः- उपरोक्त सभी कार्य महासचिव प्रधान के परामर्श से करेगा।

महासचिव

महासचिव की अनुपस्थिति में सहसचिव को वह सभी अधिकार प्राप्त होंगें जो भी सचिव को प्राप्त हैं।

कोषाध्यक्ष

1. ट्रस्ट में होने वाली आय -व्यय का ब्यौरा रखना और खाता तैयार करना।
2. यह कि ट्रस्ट का खाता किसी भी रास्ट्रीयकृत बैंक में खोला जायेगा तथा धन निकलवाने हेतू प्रधान, सचिव व कोषाध्यक्ष तीनों में से किसी दो के हस्ताक्षर होंगें।

ट्रस्टीज

1. ट्रस्ट के लिए धन इक्टठा करना।
2. सभी पदाधिकारियों के कार्यों में समन्वय करना।
3. ट्रस्ट को सुचारू रूप से चलाने के लिए पदाधिकारियों को सहयोग करना।

पदाधिकारियों में निर्वाचन में विलम्ब

यदि किन्हीं कारणों से पदाधिकारियों में निर्वाचन समय बीत जाने पर भी नहीं हो सके तो वही सदस्य कार्य करते रहेंगें परन्तु ऐसा एक वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

जारी.............

Usha Sharma

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

| Reg. No. | Reg. Year | Book No. |
| --- | --- | --- |
| 99 | 2017-2018 | 1 |



न्यासकर्ता



न्यासी



गवाह



उप / सयुँक्त पंजीयन अधिकारी

NOTARY
Mange Ram Gill
TOHANA
GOVT OF INDIA

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

महत्वपूर्ण

यदि किसी समय उक्त ट्रस्ट द्वारा कार्य करना असंभव हो जाए तो उस अवस्था में ट्रस्टीगण सर्वसम्मति द्वारा प्रस्ताव पारित करके उक्त ट्रस्ट का विलय समान उददेश्य वाली पंजीकृत संस्था / ट्रस्ट/परिषद में कर सकेंगें परन्तु ऐसा उसी बैठक में किसी जायेगा जो विशेष रूप इसी उददेश्य के लिए बुलाई जाऐगी।

मैंने इस श्रद्धा व विश्वास के साथ इस ट्रस्ट की स्थापना की है कि सभी ट्रस्टी और पदाधिकारी पूरी जिम्मेवारी, ईमानदारी व लग्न एवं निष्ठा से ट्रस्ट के द्वारा आयोजित सभी कार्यों को पूरा करेंगें तथा ट्रस्ट के उददेश्यों की पूर्ति हेतू निरन्तर प्रयत्नशील रहेंगें और जनसेवा द्वारा अपने जीवन को सफल बनाएगें।

अतः यह न्याय पत्र (ट्रस्ट नामा) लिख दिया है कि प्रमाण रहे। दिनांक 17-04-2017.

साक्षी
कन्हैया लाल एडवोकेट
टोहाना।

संस्थापक
उषा रानी पत्नी रमेश शर्मा (आधार न0.5472 6523 0887)

साक्षी
बलदेव कुमार पुत्र परमानन्द
निवासी टोहाना।

ट्रस्टीज
1. वीना रानी पत्नी बदलेव कुमार (आधार न0.8483 7907 0642)

2. मधु शर्मा पत्नी राजीव शर्मा (आधार न0.9261 9183 9523)

3. दीपिका रानी पत्नी कन्हैया लाल (आधार न0.2453 0057 6250)

Attested to be true copy
MANGE RAM GILL
Notary, Tohana

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

| Reg. No. | Reg. Year | Book No. |
|---|---|---|
| 99 | 2017-2018 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| न्यासकर्ता | बलदेव एजूकेशन बज. उषा रानी | | usha sharma |
| न्यासी | बलदेव एजूकेशन बज. वीना रानी | | Veena Rani |
| न्यासी | बलदेव एजूकेशन बज. मधु शर्मा | | Sharma |
| न्यासी | बलदेव एजूकेशन बज. दीपिका | | Deepika |
| गवाह | कन्हैया लाल वकील | | Kalujulal |
| गवाह | बलदेव कुमार | | |

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि यह प्रलेख कमांक 99 आज दिनाँक 17/04/2017 को बही न: 1 जिल्द न: 282 के पृष्ठ न: 148 पर पँजीवृत किया गया तथा इसकी एक प्रति अतिरिक्त बही सख्या 1 जिल्द न: 3,952 के पृष्ठ सख्या 29 से 37 पर चिपकाई गयी। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि इस दस्तावेज के प्रस्तुतकर्ता और गवाहो ने अपने हस्ताक्षर/निशान अंगुठा मेरे सामने किये है ।

दिनाँक 17/04/2017

उप / सयुँक्त पँजीयन अधिकारी
टोहाना

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

20-12-20 आज दिनांक 20-12-2020 दिन रविवार को बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट टोहाना के पदाधिकारियों की एक मीटिंग इस ट्रस्ट के सदस्य बनने के लिए आए हुए आवेदनों पर विचार करने के लिए ट्रस्ट के कार्यालय में रखी गयी। जिसमें ट्रस्ट के सदस्य बनने के लिए आए हुए चार आवेदनों पर विचार किया गया। इस मीटिंग में शामिल सभी ट्रस्टीगण / पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से विचार विमर्श करने के पश्चात यह निर्णय कि ट्रस्ट की गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए ट्रस्ट की क्लाज के अनुसार जोकि ट्रस्टनामा के पेज नंबर 05 में "ट्रस्टीगण की योग्यता व संख्या" नामक शीर्षक में वर्णित है। जिसका विवरण इस प्रकार से है: - कोई भी व्यक्ति जो निर्दिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति में सहायक हो, भारत का नागरिक हो ट्रस्टी बनने के लिए आवेदन दे सकेगा और ट्रस्टीगण उसे सर्वसम्मति द्वारा ट्रस्टी नियुक्त करने के अधिकारी होंगे। परन्तु ट्रस्टी की संख्या से अधिक नहीं होगी परन्तु आवश्यकतानुसार सर्वसम्मति द्वारा ट्रस्टी-गणों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।"
ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जो चार

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

आवेदन निम्न व्यक्तियों के प्राप्त हुए है.-

1. अजय कुमार जैन पुत्र श्री ईश्वर दास जैन निवासी टोहाना (आधार नं: 9781 0580 3525)
2. श्रीमति अनिता नवल जैन पत्नी श्री राजेश नवल जैन निवासी रोहतक (आधार नं: 3792 8674 8451)
3. श्रीमति विप्रा नवल जैन पत्नी श्री विवेक नवल जैन निवासी रोहतक (आधार नं: 5482 5229 9995)
4. श्री नरेश कुमार जैन पुत्र श्री लाल चंद जैन निवासी रोहतक (आधार नं: 6002 5056 5754)

को सर्वसम्मति से ट्रस्ट के ट्रस्टी/सदस्य घोषित किया जाता है। आज के बाद उक्त चारो भी ट्रस्ट के विधिवत ट्रस्टीगण/सदस्य हैं। अब इस ट्रस्ट में सदस्यो/ट्रस्टीगण की संख्या आठ (8) हो गयी है।

Patron
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

President
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Members/Trusty
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Treasurer
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Members/Trusty
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Members/Trusty
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Members/Trusty
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

30-05-2021

आज दिनांक 30-05-2021 दिन रविवार को बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेअर ट्रस्ट टोहाना के पदाधिकारियों एवं ट्रस्ट के सदस्यों की एक बैठक हुयी जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने विचार विमर्श करते हुए निम्नलिखित मुद्दों पर निर्णय लिए गए।

1- श्रीमति उषा शर्मा - संरक्षक
2- श्रीमति बीना रानी - प्रधान
3- श्रीमति मधु शर्मा - सचिव
4- श्रीमति दीपिका रानी - कोषाध्यक्ष
5- श्रीमति विप्रा नवल जैन - सदस्य
6- श्री अजय कुमार जैन - सदस्य
7- श्री नरेश कुमार जैन - सदस्य
8- श्रीमति अनिता नवल जैन - सदस्य

(1) ① सर्व सम्मति से पिछली बैठक जो कि दिनांक 20-12-2020 को हुयी थी उसे सदन ने सर्व-सम्मति से पास किया।

(2) ② श्रीमति उषा शर्मा W/o श्री रमेश शर्मा - संरक्षक, श्रीमति बीना रानी W/o श्री बलदेव कुमार - प्रधान, श्रीमति मधु शर्मा W/o श्री राजीव शर्मा - सचिव, एवं श्रीमति दीपिका रानी W/o कन्हैया लाल - कोषाध्यक्ष ने अपने पदों के उत्तरदायित्व से मुक्त होने के लिए आवेदन पत्र दिए जिनकी मूल प्रति समस्त ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सामने रखी गयी। सचिव ने सभी पद मुक्ति आवेदन पत्रों को सदन के सामने पढ़कर सुनाया जिससे यह पता चला कि उपरोक्त सभी (चारों) पदाधिकारियों ने आगे नियमित रूप से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में असमर्थता जाहिर की है। सदन ने विचार विमर्श करने के उपरान्त इन चारों पदाधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों से मुक्त करने का सर्वसम्मति से तुरन्तप्रभाव निर्णय लिया।

President [signature]
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

[signature]
Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

[signature]
Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

[signature]
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

दिनांक DATE | कार्यवाही रजिस्टर 09 **PROCEEDING REGISTER**

10-05-2021 (3) उपरोक्त निर्णय संख्या (2) के पश्चात सदन में विचार विमर्श किया गया कि संस्था की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालन के लिए रिक्त पदों पर नए पदाधिकारियों का चयन अनिवार्य है।

पूर्ण रूपेण विचार विमर्श करने के उपरान्त सभी उपस्थित माननीय सदस्यों द्वारा निम्नलिखित ट्रस्टी सदस्यों को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया जिसका विवरण निम्नलिखित है।

(i) श्रीमति विप्रा नवल जैन w/o विवेक नवल जैन 691/1 वार्ड नम्बर-03, सब्जी मंडी, बाबरा मोहल्ला, रोहतक — संरक्षक

(ii) श्री अजय कुमार जैन S/o श्री ईश्वर दास जैन हाउस नम्बर-37 A न्यू गुप्ता कालोनी, चण्डीगढ़ रोड, टोहाना, — प्रधान

(iii) श्री नरेश कुमार जैन S/o स्व श्री लाल चन्द जैन 16-बी॰ टी॰ आई॰ कैम्पस, रोहतक — सचिव

(iv) श्रीमति अनिता नवल जैन w/o श्री राजेशनवल जैन 691/1 वार्ड नम्बर-03, सब्जी मण्डी, बाबरा मोहल्ला, रोहतक — कोषाध्यक्ष

(4) संस्था की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जैसे कि ट्रस्ट से सम्बन्धित वित्तिय लेन देन के बारे बैंक संचालन, सरकारी एव गैर सरकारी कार्यालयों से पत्राचार बारे, एव॰ और सभी कार्य जो कि ट्रस्ट एव॰ उसकी संस्थाओं से जुड़े हुए हो। ~~सब~~

सर्व सम्मति से तय किया गया कि उपरोक्त सभी कार्यों हेतु नव नियुक्त पदाधिकारियों को अधिकृत किया जाता है।

(5) बलदेव एजुकेशनल एव वेलफेअर ट्रस्ट के पंजाब नेशनल बैंक, टोहाना में दो खाते खुले हुए है जिनका विवरण इसप्रकार है।

(i) खाता नम्बर- 0452001B00006578, लोन एकाउन्ट

(ii) खाता नम्बर- 0452002100037954 करेन्ट एकाउन्ट

[signature]

President [signature] 2 of 3
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

30-05-2021

सर्व सम्मति से यह फैसला लिया जाता है कि उपरोक्त दोनों खातों के आगे से संचालन हेतु संयुक्त रूप से नव नियुक्त प्रधान, श्री अजय कुमार जैन एवं सचिव श्री नरेश कुमार जैन - को नियुक्त किया जाता है इससे सम्बन्धित सूचना एवं हस्ताक्षर नमुना आगामी कार्यवाही हेतु बैंक में भेज दी जाय।

अन्त में बैठक की कार्यवाही की समाप्ति की घोषणा की गयी। तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों ने सदन का धन्यवाद करते पद भार ग्रहण किया।

President Ajay Kumar Jain
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Patron Vipra Nawal
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Treasurer Anita Nawal
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Members/Trusty
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Usha Sharma
Members/Trusty
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Members/Trusty
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Members/Trusty Veena Rani
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)



Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

| दिनांक DATE | कार्यवाही रजिस्टर 11 PROCEEDING REGISTER |
|---|---|
| 27.06.21 | आज दिनांक 27-06-21 दिन रविवार को बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेअर ट्रस्ट, टोहाना के पदाधिकारियों एवं ट्रस्ट के सदस्यों की एक बैठक हुयी जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श करते हुए निम्नलिखित मुद्दों पर निर्णय लिया गया<br>1. श्रीमति विप्रानवल जैन - संरक्षक<br>2- श्री अजय कुमार जैन - प्रधान<br>3. श्री नरेश कुमार जैन - सचिव<br>4. श्रीमति अनिता नवल जैन - कोषाध्यक्ष<br>5. श्रीमति उषा शर्मा - सदस्य<br>6- श्रीमति वीना रानी - सदस्य<br>7. श्रीमति मधु शर्मा - सदस्य<br>8. श्रीमति दीपिका रानी - सदस्य<br>(1) पिछली बैठक जो कि दिनांक 30.05.2021 दिन रविवार को हुयी थी उसे सदन ने सर्वसम्मति से पास किया।<br>(2) श्रीमति उषा शर्मा W/o श्री रमेश शर्मा - सदस्य, श्रीमति वीना रानी W/o श्री बलदेव कुमार-सदस्य, श्रीमति मधु शर्मा W/o श्री राजीव शर्मा - सदस्य, श्रीमति दीपिका रानी W/o श्री कन्हैया लाल- सदस्य, ने अपने- अपने सदस्य पद के उत्तरदायित्व से मुक्त होने के लिए त्याग पत्र व शपथ पत्र दिए जिनकी मूल-प्रति ~~समर~~ ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सामने रखी गयी। सचिव ने सभी पद मुक्ति हेतु आए त्यागपत्रों एवं शपथपत्रों को सदन के सामने पढ़कर सुनाया जिससे यह पता चला कि उपरोक्त सभी (चारों) सदस्यों ने अपनी- अपनी सदस्यता एवं उत्तरदायित्व को नियमित रूप से निर्वहन करने में असमर्थता जाहिर की है इसके साथ-साथ |

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/~~Secretary~~
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

27-06-21 चारों सदस्यों ने शपथ पत्रों के माध्यम से यह घोषणा की है कि उपरोक्त ट्रस्ट से शपथकर्ताओ का कोई लेन-देन नहीं है तथा यह भी घोषणा की है कि शपथकर्ताओं व शपथकर्ताओं के वारसान द्वारा भविष्य में ट्रस्ट की गतिविधियों में किसी भी प्रकार से कोई दखल-अन्दाजी नहीं होगी।

सदन ने सर्वसम्मति से विचार-विमर्श करने के उपरान्त इन चारों सदस्यों को उनकी सदस्यता एवं उनके उत्तरदायित्वों से दिनांक 21-06-2021 से मुक्त करते हुए त्याग पत्र व शपथ-पत्र स्वीकार किए।

अन्त मे ट्रस्ट के प्रधान ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों एव सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

Noted
Usha Sharma

Noted
(Madhu Sharma)

Noted.
(Deepika Rani)

Noted.
Veena Rani
(Veena Rani)

President Ajay Kumar Jain
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Patron Vipin Nawal
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Treasurer Anita Nawal
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

| दिनांक DATE | कार्यवाही रजिस्टर 13 PROCEEDING REGISTER |
| --- | --- |
| 04.07.21 | आज दिनांक 04-07-2021 दिन रविवार को बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेअर ट्रस्ट, टोहाना के पदाधिकारियों की बैठक ट्रस्ट के कार्यालय में हुई जिसमें नए सदस्य बनने के लिए आए हुए दो आवेदनों पर विचार विमर्श करते हुए निम्न लिखित निर्णय लिए गए। उपस्थित पदाधिकारियों का निम्न लिखित विवरण है। |

(1) श्रीमति विप्लानवल जैन - संरक्षक
(2) श्री अजय कुमार जैन - प्रधान
(3) श्री नरेश कुमार जैन - सचिव
(4) श्री मति अनिता नवल जैन - कोषाध्यक्ष

① पिछली बैठक जो कि दिनांक 27.06.2021 को हुयी थी उसे सदन ने सर्वसम्मति से पास किया

② बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेअर ट्रस्ट में सदस्य बनने हेतु श्रीमति रजनी जैन पत्नि श्री अजय कुमार जैन निवासी 37-A न्यु गुप्ता कालोनी टोहाना एवं श्रीमति गीता जैन पत्नि श्री नरेश कुमार जैन निवासी 16 बी. टी. आई कैम्पस रोहतक द्वारा दिए गए आवेदनों की मूल प्रति जॉंच करने के पश्चात सचिव द्वारा सभी पदाधिकारियों के समक्ष सदन में पढ़कर सुनायी गयी।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति एवं उत्थान के लिए इन दोनों आवेदनकर्ताओं को ट्रस्ट के सदस्य के रूप में नियुक्त किया जाता है। अब ट्रस्ट में पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित संख्या छः (6) हो गयी।

अन्त में ट्रस्ट के प्रधान ने सदस्यों एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

Patron Vipla Nawal
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

President Ajay kumar Jain
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

18.07.21 आज दिनांक 18.07.21 दिन रविवार को बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेअर ट्रस्ट, टोहाना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक ट्रस्ट के कार्यालय में हुयी जिसमें ट्रस्ट का बैंक खाता खोलने एवं संचालन के बारे में निम्नलिखित निर्णय लिया गया उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विवरण निम्नलिखित है।

(I) श्रीमति विप्रानवल जैन - संरक्षक Vipra Nawal
(II) श्री अजय कुमार जैन - प्रधान Ajay Kumar Jain
(III) श्री नरेश कुमार जैन - सचिव [signature]
(IV) श्रीमति अनिता नवल जैन - कोषाध्यक्ष Anita Nawal
(V) श्रीमति रजनी जैन - सदस्य Rajni Jain
(VI) श्रीमति गीता जैन - सदस्य Geeta Jain

① पिछली बैठक जो कि दिनांक 04.07.21 को हुयी थी उसे सदन ने सर्वसम्मति से पास किया

② बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेअर ट्रस्ट को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु ट्रस्ट का एक खाता यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा - चन्दड़ कलां व ICICI/HDFC, टोहाना में खोलने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा यह भी निर्णय लिया गया की खाते का संचालन सामूहिक रूप से प्रधान एवं सचिव या कोषाध्यक्ष के द्वारा किया जाय।

अन्त में ट्रस्ट के प्रधान ने सदस्यों एवं पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

Baldev Educational & Welfare Trust, Tohana (Fatehabad)

President Ajay Kumar Jain
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Scanned By Scanner Go

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

05.09.2021 आज दिनांक 05.09.2021 दिन रविवार को बलदेव एजुकेशनल एवं वेलफेअर ट्रस्ट, टोहाना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक ट्रस्ट कार्यालय में हुई जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

(I) श्रीमति विप्रानवल जैन - संरक्षक Vipra Nawal
(II) श्री अजय कुमार जैन - प्रधान Ajay Kumar Jain
(III) श्री नरेश कुमार जैन - सचिव [signature]
(IV) श्रीमति अनिता नवल जैन - कोषाध्यक्ष Anita Nawal
(V) श्रीमति रजनी जैन - सदस्य Rajni Jain
(VI) श्रीमति गीता जैन - सदस्य Geeta Jain

पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय के संचालन हेतु निम्नलिखित मुद्दों पर विचार-विमर्श निर्णय लिया गया।

(1) पिछली बैठक जो कि दिनांक 18.07.2021 को हुयी थी उसे सदन ने सर्वसम्मति से पास किया।

(2) सदन में विचार-विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सत्र 2022-23 से विद्यालय को कक्षा आठवीं तक या 12वीं तक (सभी संकाय यथा विज्ञान वर्ग, कला वर्ग एवं वाणिज्य वर्ग तथा व्यवसायिक शिक्षा सम्बन्धी कोर्स इत्यादि) शुरू करने के लिए जरूरी कार्यवाही की जाय तथा सम्बन्धित कार्यालयों में दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत करने के लिए श्री अजय कुमार जैन, प्रधान को अधिकृत किया गया।

(3) सदन में विचार-विमर्श के उपरान्त यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यालय प्रारम्भ करने के लिए विद्यालय के भवन से सम्बन्धित यथा भवन पुर्ननिर्माण, लकडी से सम्बन्धित कार्य, रगाई से सम्बन्धित कार्य, सेनिटेशन, बिजली सम्बन्धित इत्यादि कार्य भी पुर्ण कर लिए जाय।

(4) सदन में विचार-विमर्श के उपरान्त यह भी

[signature]
Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

[signature] Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

05.09.2021 निर्णय लिया गया कि विद्यालय में बिजली कनेकसन जो कि 18 किलोवाट का है उसको बढ़ाकर 49 किलोवाट करने के लिए सम्बन्धित दस्तावेज बिजली विभाग कार्यालय में जमा करवाया जाय इस कार्य के लिए श्री अजय कुमार जैन, प्रधान को अधिकृत किया जाता है।

(5) सदन में विचार-विमर्श के उपरान्त यह भी निर्णय लिया गया कि समयानुसार विद्यालय के लिए शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति की जाय तथा जरूरत के अनुसार यातायात से सम्बन्धित वाहनों की व्यवस्था (खरीद या किराए पर) करने का उचित प्रबन्ध किया जाय इस कार्य हेतु भी श्री अजय कुमार जैन, प्रधान को अधिकृत किया गया।

(6) सदन में विचार-विमर्श के उपरान्त यह भी निर्णय लिया गया कि विद्यालय के संचालन हेतु आवश्यक प्रमाण-पत्र से सम्बन्धित प्रपत्र प्राप्त करने हेतु सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में पत्राचार हेतु श्री अजय कुमार जैन, प्रधान को पुनः अधिकृत किया जाता है।

अन्त में ट्रस्ट के प्रधान ने सदस्यों एवं पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा भगवान श्री महावीर स्वामी के जय की उद्घोष के साथ किया।

Ajay Kumar Jain
President [illegible] Educational & Welfare Trust
Village Kanheri, Tohana (Fatehabad)

Secretary
Baldev Educational & Welfare Trust, Tohana (Fatehabad)

Principal
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)

Ajay Kumar Jain
President/Secretary
MUH Jain Global School
Kanheri (Tohana)